**Subject – Hindi** **Lesson – 4 अपनी वस्तु** **class – 5th**

## Worksheet

### सोचें और बताएँ

1. लड़ाई-झगड़ा कौन कर रहे थे?
उत्तर—दो भाई आपस में लड़ाई-झगड़ा कर रहे थे।
2. दोनों भाई किसके लिए झगड़ा कर रहे थे?
उत्तर—दोनों भाई जमीन पर अधिकार करने के लिए झगड़ा कर रहे थे।
3. दोनों भाइयों को किसने समझाया?
उत्तर—दोनों भाइयों को एक दयालु महात्मा ने समझाया।

### लिखें

1. सही उत्तर का क्रमाक्षर कोष्ठक में लिखें—

(अ) दोनों भाई क्या कर रहे थे—
(अ) हँसी-मजाक (ब) लड़ाई-झगड़ा ( ✓ )
(स) बातचीत (द) खाना खा रहे थे

(ब) महात्मा जी के लिए दोनों भाई क्या लाए—
(अ) सोना (ब) फल (स) भोजन (द) कपड़ा। (स)

उत्तर—(अ)-(ब), (ब)-(स)

2. महात्मा जी ने झगड़ा रोकने के लिए दोनों भाइयों को क्या राय दी?
उत्तर—महात्मा जी ने झगड़ा रोकने के लिए दोनों भाइयों को यह राय दी कि जिस भूमि के लिए झगड़ रहे हो उसी से पूछ लो उसका असली मालिक कौन है।
3. भोजन बनवाकर मँगवाने के पीछे महात्मा जी का क्या उद्देश्य था?
उत्तर—भोजन बनवाकर मँगवाने के पीछे महात्मा जी का उद्देश्य दोनों भाइयों के क्रोध को शांत करना था। भोजन बनाने व खाने में समय लगा । इस बीच दोनों भाइयों का क्रोध शांत हो गया।
4. महात्मा जी के अनुसार धरती ने क्या कहा?
उत्तर—महात्मा जी के अनुसार धरती ने यह कहा कि मैं इन दोनों में से किसी की नहीं हूँ। ये दोनों अवश्य मेरे हैं। मैंने इनकी कई पीढ़ियों को पाला है और जाते हुए भी देखा है।
5. दोनों भाई लज्जित क्यों हुए?
उत्तर—दोनों भाई लज्जित इसलिए हुए क्योंकि जिस भूमि के लिए वे एक दूसरे की जान लेने पर तुले थे उसी भूमि ने उन दोनों में से किसी एक की होने से भी मना कर दिया था।
6. महात्मा जी ने दोनों भाइयों को क्या समझाया?
उत्तर—महात्मा जी ने दोनों भाइयों को यह समझाया कि तुम दोनों व्यर्थ ही झगड़ रहे हो। यह धरती किसी के साथ नहीं जाती। बड़े-बड़े छत्रपति राजा भी इसे अपना-अपना कहकर खाली हाथ चले गए।

### भाषा की बात

पाठ में उद्धृत मुहावरा—"लाल पीला होना" का अर्थ "अत्यधिक क्रोधित होना" है। वाक्य प्रयोग—"दोनों भाई

o

o